मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-116
02/03/2019

# मुख्यमंत्री ने पुनपुन में पथ निर्माण विभाग एवं जल संसाधन विभाग की योजनाओं का किया शिलान्यास

पटना 02 मार्च 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिलान्तर्गत पुनपुन में जल संसाधन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग की योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इसके अन्तर्गत 4677.29 लाख रूपये की लागत से पुनपुन पिंड स्थल पर लक्ष्मण झूला के समतुल्य पुनपुन नदी पर केबुल सस्पेंसन पुल तथा पटना जिले के फुलवारी, पुनपुन एवं नौबतपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पुनपुन के बायें तटबंध पर पुनपुन से गोपालपुर एवं खुजरी तटबंध के पक्कीकरण कार्य जिसकी कुल लम्बाई 20.43 किलोमीटर एवं प्राक्कलित राशि 3453.23 लाख रूपये है। इस अवसर पर रामानंद सिंह, राम गोविन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाहिदपुर, पुनपुन के खेल मैदान परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं आपके दर्शन करने के साथ–साथ पुनपुन के लिये कुछ स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास करने आया हूॅ। पथ निर्माण एवं जल संसाधन विभाग को महत्वपूर्ण योजनाओं के शिलान्यास के लिये बधाई देता हूॅ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनपुन से मेरा विशेष लगाव रहा है। मैं पॉच बार इस क्षेत्र से सांसद रहा हूॅ, जिसके कारण मेरी पहचान देश एवं देश के बाहर बनी। आपकी इस मेहरबानी और कृपा को मैं भूल नहीं सकता हूॅ। राजधानी के समीप रहने के बावजूद यहां से आवागमन में काफी कठिनाई होती थी। पुनपुन नदी पर पुल बनने से सहूलियत हुयी। लोगों की वर्षों पुरानी लक्ष्मण झूला पुल की मॉग आज पूरी हुयी है और आज इसका शिलान्यास हुआ है। मुझे उम्मीद है कि यह पुल सवा साल में बनकर तैयार हो जायेगा। यह केबुल संस्पेंशन ब्रिज के रूप में बनेगा, जिसमें नदी के बीच में एक भी पाया नहीं रहेगा। यह साढ़े सात मीटर चौड़ी होगी, जिससे केवल छोटे वाहनों का ही आवागमन हो सकेगा। साढ़े सात मीटर के अलावा बगल के दोनों तरफ ढाई मीटर की चौड़ाई होगी, जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। यह पुनपुन से आगे जाने के रास्ते से भी जुड़ेगा। इस पुल की लागत 46 करोड़ 77 लाख 30 हजार रूपये के करीब होगी। इस पुल के बन जाने से पुनपुन के प्रति लोगों का आकर्षण और बढ़ेगा। पितृपक्ष में आने वाले लोग भी इसका आनंद उठा पायेंगे। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा इस काम को किया जाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा पुनपुन बांध पर पुनपुन से गोपालपुर एवं खुजरी तटबंध पर 20.43 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा, जिसकी लागत 34 करोड़ 53 लाख 21 हजार रूपये के करीब होगी। इसके निर्माण के बाद पुनपुन के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि अटली जी की सरकार में मंत्री रहते गया से पटना फोरलेन बनाने के साथ ही निर्णय लिया गया था कि यह पुनपुन होकर गुजरेगा। बीच में कुछ बाधा आयी लेकिन अब एन0एच0ए0आई0 के द्वारा इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया है। बिहटा–सरमेरा पथ का निर्माण एवं दानापुर–दनियावां–बिहारशरीफ–शेखपुरा पथों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे भी आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि

संपतचक से पटना तक जिसकी लम्बाई 6.8 किलोमीटर है, 7 मीटर चौड़ी इस पथ की लागत 36 करोड़ रूपये से ज्यादा की होगी। इसका भी निर्माण कार्य किया जायेगा। जगनपुरा से पिपरा तक 5.5 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण भी किया जायेगा। पटना जाने के लिये महुली से मीठापुर तक ऐलिवेटेड सड़क बनेगी और उसके नीचे की सड़क को भी आवागमन के लिये दुरूस्त किया जायेगा। यह ऐलिवेटेड सड़क रेलवे लाइन के बगल से मीठापुर से जायेगा। उस पुल के बगल में ही आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, निफ्ट, इग्नु का सेंटर, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि यहां के शहीद रामानंद राम गोविन्द सिंह स्कूल का भवन क्षतिग्रस्त है, जिसके जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य के लिये 2 करोड़ 66 लाख 41 हजार रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका समूह का गठन कर 96 लाख परिवारों को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जोड़ा गया है। महिलाओ को सशक्त बनाने के लिये कई कदम उठाये जा रहे हैं। घर में बेटी पैदा होने पर लोगों को खुशी हो, इसके लिये कन्या उत्थान योजना की शुरूआत की गयी है। इस योजना के तहत बेटी के जन्म लेने पर माता–पिता के खाते में 2 हजार रूपये पहुँच जायेंगे। एक वर्ष के अन्दर आधार से जोड़ने पर एक हजार रूपये और दो वर्षों में सम्पूर्ण टीकाकरण कराने पर दो हजार रूपये माता–पिता के खाते में दिये जायेंगे। सांकेतिक रूप से आज कुछ बच्चियों के माता–पिता को यहां चेक दिये गये हैं। लड़कियों की पोशाक योजना की राशि बढ़ा दी गयी है। साइकिल योजना के अन्तर्गत मिलने वाली 2500 रूपये की राशि को भी बढ़ाकर 3 हजार रूपये कर दिया गया है। अविवाहित इंटर पास लड़कियों को सरकार 10 हजार रूपये एवं विवाहित हों या अविवाहित स्नातक पास करने वाली लड़कियों को 25 हजार रूपये सरकार दे रही है यानी एक लड़की के जन्म लेने से स्नातक होने तक सरकार उन पर 54,100 रूपये खर्च कर रही है। समाज का दायित्व है कि पुरूष और स्त्री में कोई भेदभाव न करे। समाज में संतुलन के लिये दोनों का अस्तित्व जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी इच्छा है कि बेटा और बेटी दोनों को आपलोग पढ़ायें। सरकार हायर एजुकेशन के लिये स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से छात्रों को चार लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध करा रही है। आज सांकेतिक रूप में कुछ छात्र–छात्राओं को यह सुविधा प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री ने लोगों को संकल्प दिलाया कि बेटे एवं बेटी को जरूर पढ़ायें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसी कुरीति से छुटकारा पाने के लिये सब मिलकर आगे आयें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना के माध्यम से सभी टोलो एवं मुहल्लों को भी पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। हर घर में शौचालय का निर्माण, हर घर तक नल का जल उपलब्ध कराया जा रहा है। हर घर तक बिजली का कनेक्शन भी पहुँचा दिया गया है। बिजली की उपलब्धता से अंधेरे का भूत खत्म हो गया है और लालटेन की उपयोगिता भी समाप्त हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे काम में दिलचस्पी है। समाज में प्रेम, भाईचारा एवं एक दूसरे को सम्मान देते हुये साथ रहें। आप सबके प्रयास से पुनपुन के गौरव को फिर से प्राप्त करेंगे। बिहार का गौरवशाली अतीत रहा है, गौरव की उस ऊँचाई को फिर से प्राप्त करने के लिये हम सबको मिलकर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री का स्वागत फूलों की बड़ी माला पहनाकर, पुष्प–गुच्छ, स्मृति चिन्ह् एवं अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद राम गोविन्द सिंह, शहीद रामानंद सिंह की पार्क में लगी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। मुख्यमंत्री ने जीविका योजनांतर्गत पुनपुन प्रखण्ड के स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों के बीच चेक वितरित किये। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के कुछ लाभार्थियों को भी चेक प्रदान

किया गया। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के कुछ लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री ने चेक प्रदान किया। ग्राम परिवहन योजना के कुछ लाभार्थियों को चाबी दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कुछ लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री ने चाबी प्रदान किये।

समारोह को पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय ग्रामीण राज्य मंत्री श्री रामकृपाल यादव, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरूण कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, पूर्व विधान पार्षद श्री बाल्मिकी प्रसाद सिंह, महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री हुलेस मांझी, अन्य जन प्रतिनिधिगण, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री आर0एन0 चोंगथू, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कुमार, जिलाधिकारी पटना श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जल संसाधन विभाग के तकनीकी परामर्शी श्री इन्दू भूषण कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

******